पत्र क्र **4585**/क्षैं.सं./T-3(iii)/इसदुसं/2020 दिनांक **24.11.2020**

प्रति,

सहायक महाप्रबंधक (M&P)

एमपी स्टेट को.आपरेटिव्ह डेयरी फेडरेशन लि.,

दुग्ध भवन, दुग्ध मार्ग, हबीबगंज,

भोपाल (म.प्र.)

**विषय :- दुग्ध परिवहन के लिए लोडिंग वाहन हेतु प्रथम ई-निविदा सूचना प्रकाशन बाबद।**

महोदय्,

इस कार्यालय द्वारा जारी यात्री बस हेतु द्वितीय ई-निविदा सूचना के साथ निविदा प्रपत्र एवं निविदा संबंधी निर्देश की सॉफ्ट कॉपी एम.पी.स्टेट को.आपरेटिव्ह डेयरी फेडरेशन लि.,की वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित की जा रही है, कृपया प्रकाशित करने का कष्ट करे।

**संलग्न-उक्तानुसार ।**

***मुख्य कार्यपालन अधिकारी***

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, चॉदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर

**Indore Sahakari Dugdha Sangh Maryadit, Indore (MP)**

I.S.D.S

**Phone : 0731-2802554/2806350 Fax No. 0731- 2811559**

पत्र क्र **4585**/क्षे.सं./प.प्रबं/इसदुसं/2020 दिनांक **24.11.2020**

# यात्री बस हेतु प्रथम ई-निविदा सूचना

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर कार्यक्षेत्र के विभिन्न स्थानों बड़वानी/राजपुर/कुक्षी/मनावर/सरदारपुर/पेटलावद/झाबुआ से मुख्य संयंत्र चांदा तलावली, मांगलियॉ, इन्दौर में एक दिवसीय पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण हेतु दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों के लिए लगभग 40 ट्रिप आयोजित की जाना है। इस हेतु **कम से कम 45 सीटर या अधिक क्षमता की (पुश बैंक सीट सहित)** लक्जरी बस/बसों हेतु प्रति किलो मीटर परिवहन दरें जो समस्त टेक्स (जी.एस.टी. इत्यादि) एवं टोल व्यय सहित हो, **Online प्रथम** ई–निविदा आंमत्रित की जाती है। प्रत्येक ट्रिप की दूरी 300-400 कि.मी. के लगभग रहना संभावित है। बस मॉडल वर्ष 2015 अथवा उसके पश्चात का अच्छी कंडीशन का होना अनिवार्य है।

| बस प्रचालन विवरण | ई–निविदा क्रय हेतु अंतिम दिनांक/समय | ई–निविदा प्रस्तुत करने का अंतिम दिनांक/समय | तकनीकी ई–निविदा खोलने का दिनांक/समय एवं स्थान |
|---|---|---|---|
| इन्दौर सह.दुग्ध संघ मर्या. इन्दौर के कार्यक्षेत्र के विभिन्न स्थानों बड़वानी/राजपुर/कुक्षी/मनावर/सरदारपुर/पेटलावद/झाबुआ से दुग्ध समितियों के सदस्यों को मुख्य संयंत्र चांदा तलावली, मांगलियॉ, इन्दौर में एक दिवसीय पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण करवाकर पुनः उसी स्थान पर छोडना। | दिनांक 04-12-2020 दोपहर 1.30 बजे तक। | दिनांक 04-12-2020 को दोपहर 1.30 बजे तक। | दिनांक 05-12-2020 को दोपहर 3.00 बजे, कार्यालय इन्दौर सह.दुग्ध संघ मर्या. मांगलियॉ, इन्दौर |

यात्री बस हेतु निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण (निविदा कार्यक्रम/स्थानों की विस्तृत जानकारी/नियम/शर्तें) मध्यप्रदेश स्टेट को–ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड, भोपाल की वेबसाईट www.mpcdf.gov.in OR www.mpcdf.nic.in पर देखी जा सकती है। विस्तृत निविदा प्रपत्र पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। डिजीटल साईन हेतु मध्यप्रदेश इलेक्ट्रानिक डवलपमेंन्ट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल से टोल फ्री नम्बर **18002588684** पर संपर्क करें। समस्त निविदाऐं या किसी एक निविदा को निरस्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**

**निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 500/–**

**–: निविदा प्रपत्र :–**

**निविदा कार्यः–**

इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ, इन्दौर कार्यक्षेत्र के विभिन्न स्थानों बड़वानी/राजपुर/कुक्षी/मनावर/सरदारपुर/पेटलावद/झाबुआ से मुख्य संयंत्र चांदा तलावली, मांगलियॉ, इन्दौर में एक दिवसीय पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण हेतु दुग्ध सहकारी समितियों के सदस्यों के लिए यात्री बस हेतु प्रथम ई–निविदा।

| | |
|---|---|
| **ई–निविदा क्रय हेतु अंतिम दिनांक एवं समय** | : 04.12.2020/दोपहर 1:30 बजे तक |
| **ई–निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय** | : **04.12**.2020/दोपहर 1:30 बजे तक |
| **तकनीकी ई–निविदा खोले जाने की दिनांक एवं समय** | : 05.12.2020/दोपहर 3.00 बजे |
| **तकनीकी ई–निविदा खोले जाने का स्थान** | : कार्यालय इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या. मांगलिया इन्दौर, |
| **पत्राचार हेतु पताः–** | : मुख्य कार्यपालन अधिकारी,<br>इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्या<br>चॉदा तलावली, मांगलिया, इन्दौर<br>पिन कोड़ – 453771 |

| | |
|---|---|
| **ANNEXURE I** | : नियम एवं शर्तें |
| **ANNEXURE II** | : फार्म – A |
| **ANNEXURE III** | : भाव पत्र |

*मुख्य कार्यपालन अधिकारी*

**Annexure II**

निविदा प्रपत्र विक्रय मुल्य 500/–

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,इन्दौर

## –::– यात्री बस परिवहन हेतु निविदा पत्र –::–

## फार्म–A

| निविदाकार का पासपोर्ट साईज का फोटो |
|---|

**प्रति,**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय,**
**इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित,**
**इन्दौर** (म.प्र.)

**विषय :–** पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण हेतु यात्री बस की प्रति किलोमीटर दरें प्रस्तुत करने बाबद।
**महोदय,**

''**दैनिक समाचार पत्र**'' में प्रकाशित **ई**–निविदा सूचना अनुसार पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु लगने वाली यात्री बस परिहवन हेतु ई–निविदा प्रस्तुत कर रहा हूँ। मुझे संघ की समस्त शर्ते मान्य है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

1. बस ठेकेदार/फर्म का नाम .......................................................................पिता का नाम ..................................................
2. वारिस का नाम ........................................................................................ उम्र ............वर्ष, सम्बन्ध ..............................
3. पूरा पता ..........................................................................................................................................................................
4. दूरभाष नम्बर ................................................... मोबाईल नम्बर ..........................................................................................
5. निविदा धरोहर राशि रू. 10,000/- (रू.दस हजार केवल) MP Tenders को ऑन–लाईन जमा कर रेफरेंस नम्बर .................................................. अंकित है।
6. पान (3$1)नम्बर ..........................................
7. वाहनों का विवरण :–

| क्र. | वाहन सीट क्षमता | मॉडल वर्ष | वाहन पंजीयन क्र. |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |
| 4 | | | |

**<u>महत्वपूर्ण सूचना</u>:–** इस फार्म $ को पूर्ण रूप से भरकर 0 3# 7˘1 ˛˘ß¹# में जमा राशि का रेफरेंस नम्बर, वाहन रजिस्ट्रेशन, वाहन बीमा एवं फिटनेश प्रमाण पत्र की छायाप्रति ऑनलाईन ई–निविदा में जमा करें, अन्यथा प्रस्तुत ई–निविदा मान्य नही होगी। निविदाकार के नाम से वाहन पंजीकृत नही होने पर निविदा निरस्त की जा सकेगी।

**हस्ताक्षर**
**निविदाकार/वाहन ठेकेदार**

***Annexure - I***

## इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर

### *बस निविदा प्रस्तुत करने हेतु नियम एवं शर्तें*

(1) भ्रमण हेतु बस **बड़वानी/राजपुर/कुक्षी/मनावर/सरदारपुर/पेटलावद/झाबुआ** से प्रारम्भ होकर प्रस्थान स्थल पर ही समाप्त होगी।

(2) बस लक्जरी कम से कम 45 सीटर या अधिक क्षमता की (पुश बेक सीट सहित) होना आवश्यक है।

(3) भ्रमण कार्यक्रम लगभग 01 दिवस का रहेगा।

(4) भ्रमण अन्तर्गत उन्नत डेयरी फार्म, मुख्य संयंत्र एवं पशुआहार संयंत्र मांगलियॉ, इन्दौर स्थान सम्मिलित रहेगें।

(5) भ्रमण की अनुमानित दूरी प्रतिट्रिप 300-400 किलो मीटर अथवा कम/अधिक संभावित हो सकती है।

(6) बस अच्छी कण्डीशन मे हो एवं बस का माडल वर्ष 2015 अथवा उसके पश्चात का होना चाहिए, एवं दर स्वीकृत करने का मापदण्ड मात्र न्यूनतम दर न होकर बस का मॉडल एवं कण्डीशन होगा। समिति द्वारा प्रस्तुत दर स्वीकृत करने के पूर्व बस का सत्यापन किया जावेगा, तद्नुसार दर स्वीकृत की जावेगी। इसमें न्यूनतम दर का बंधन नहीं होगा।

(7) यात्रा के दौरान सभी वैधानिक प्रपत्र पूर्ण हो। यात्रा के दौरान पुलिस/R.T.O. या अन्य किसी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा वाहन रोकने की दशा में समस्त जिम्मेदारी निविदाकार बस मालिक की होगी।

(8) बस पर लायसेंसी एवं प्रशिक्षित ड्रायवर एवं क्लीनर नियुक्त करना होगें, जिनका व्यवहार उत्तम होना अनिवार्य है।

(9) ई–निविदा में प्रस्तुत प्रति **किलोमीटर दर समस्त टेक्स (जीएसटी/टोल इत्यादि) एवं व्यय सहित दर्शायी जावे, इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भुगतान दुग्ध संघ द्वारा पृथक से नहीं किया जावेगा।**

(10) यात्रा की अवधि में बस के साथ दुग्ध संघ के एक या दो अधिकारी रहेगें जिनके निर्देशन में बस का संचालन किया जाना अनिवार्य होगा।

(11) भ्रमण कार्यक्रम **माह दिसम्बर 2020 से जून 2021** के मध्य सम्भावित है। भ्रमण कार्यक्रमों की ट्रिप संख्या लगभग 40 या उससे अधिक भी हो सकेगी।

(12) बस निर्धारित दिनांक एवं समय पर जहॉ अवगत कराया जावे, वहॅा से प्रारम्भ होकर उसी स्थान पर समाप्त होगी। निर्धारित तिथि एवं समय पर बस नहीं पहुॅचने की स्थिति में जमा अर्नेस्ट मनी राजसात कर ली जावेगी।

(13) वाहन का मायलोमीटर यात्रा के दौरान चालू हालत में रहना चाहिये। यात्रा प्रारम्भ एवं समाप्ति पर मायलोमीटर की रीडिंग संघ के टीम लीडर द्वारा ली जावेगी एवं उसी अनुरूप देयक तैयार किये जावेगें।

(14) यात्रा समाप्ति पर देयक 2 प्रतियों में टीम लीडर के सत्यापन सहित प्रस्तुत किये जाने पर नियमानुसार शासकीय टैक्स का कटौत्रा किया जाकर शेष राशि का भुगतान देयक प्राप्ति से 30 दिवस में किया जावेगा।

(15) किसी भी प्रकार के मतभेद की स्थिति में दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का निर्णय अन्तिम मान्य होगा।

(16) ई–निविदा के साथ निविदा धरोहर राशि रू. 10,000/- (रू.दस हजार केवल) MP Tenders को ऑन–लाईन जमा कर रेफरेंस नम्बर देना अनिवार्य होगा।

(17) ई–निविदा के साथ ऑनलाईन वाहन के पंजीयन, बीमा पॉलिसी, फिटनेस प्रमाण पत्र तथा पेनकार्ड की छायाप्रति आवश्यक रूप से संलग्न करना अनिवार्य है।

(18) ''**निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर के आधार पर यदि अन्य निविदाकार भी वाहन चलाने के इच्छुक हो, उन्हें भी कार्य आवंटन किया जा सकेगा, जिसका पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ इन्दौर के पास सुरक्षित रहेगा''।**

दिनांक : .......................

***मुख्य कार्यपालन अधिकारी***

# इन्दौर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, इन्दौर
## चांदा तलावली, मागंलिया, इन्दौर

***ANNEXURE III***

## –: यात्री बस हेतु भाव पत्र :–

निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 500/–

निविदाकार का नाम :– ......................................................................

| संघ कार्यक्षेत्र के स्थल जहॉ से यात्रा प्रारंभ एवं समाप्त की जाना संभावित है। | वाहन का प्रकार एवं मॉडल | अनुमानित 300–400 कि.मी. प्रतिट्रिप (लगभग 40 ट्रिप) के लिये प्रति किलोमीटर दर रूपये समस्त टेक्स GST/टोल सहित |
|---|---|---|
| इन्दौर सह. दुग्ध संघ मर्या. इन्दौर के कार्यक्षेत्र के विभिन्न स्थानों बड़वानी/राजपुर/कुक्षी/मनावर/सरदारपुर/पेटलावद/झाबुआ से दुग्ध समितियों के सदस्यों को मुख्य संयंत्र चांदा तलावली, मांगलियॉ, इन्दौर में एक दिवसीय पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण करवाकर पुनः उसी स्थान पर छोडना। | सवारी बस कम से कम 45 सीटर या अधिक क्षमता की (पुश बेक सीट सहित) वर्ष 2015 अथवा उसके पश्चात का मॉडल | |

***निविदाकार/वाहन ठेकेदार***
***के हस्ताक्षर***